>

Title: Need to install Doppler Weather Radar in Andaman and Nicobar Islands.

श्री विÂणु पद राय (अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह): सभापति महोदय, अंडमान निकोबार द्वीपसमूह प्राकृतिक आपदा में घिरा हुआ है, नैचुरल डिस्टरबेंस प्रोन एरिया है, जहां हाल ही में 11 अप्रैल, 2012 को इंदिरा पाइंट में सुनामी आई और 15 सरकारी कर्मचारियों की जान बचाई, लेकिन अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में चाहे सुनामी आये, अर्थक्वेक आये, साइक्लोन आये, थंडरस्टोर्म आये, उसकी छानबीन के लिए, असिस्ट करने के लिए पुराने जमाने का बैलून चल रहा है। सुबह और शाम रोज दो बैलून छोड़ते हैं, लेकिन पिछले 6 महीने से बैलून नहीं छोड़ रहे हैं, क्योंकि, इंस्ट्रूमेंट्स फ्रांस से नहीं आये। हमारे प्रशासन ने उपराज्यपाल महोदय ने उनके आदेश पर डिपार्टमेंट ऑफ मैट्रोलोजी, भारत सरकार को 22 जून, 2010 को पत्र दिया कि अंडमान निकोबार में डॉपलर वैदर रडार लगाया जाये, क्योंकि, हमारे द्वीपसमूह में, खासकर के जिस एरिया में अंडमान निकोबार के ऊपर से एयरलाइंस जाती हैं, उसमें थंडर स्टोर्म है कि नहीं, साइक्लोन है कि नहीं, इसका पूरा असैसमेंट करने के लिए इस रडार की जरूरत है। उसी मुताबिक मैं मांग कर रहा हूं कि पिछले दो साल से फाइल चल रही है, लेकिन साइट इंस्पैक्शन नहीं हो रहा है। हमारी मांग है कि अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के लिए एक पोर्ट ब्लेयर में, एक कैम्बल बे में, एक डिगलीपुर में और एक कार निकोबार में डॉपलर वैदर रडार लगाया जाये और तुरन्त काम करे, अंडमान निकोबार को बचायें।

MR. CHAIRMAN: Thank you. The rest of the items will be taken up at the end of today's deliberations.

The House stands adjourned to meet again at 2 p.m.

13.02 hrs

The Lok Sabha then adjourned for Lunch till Fourteen of the Clock.